दिन – बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 21 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

---

ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति से दुनिया को अवगत कराने के लिए सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का पहला दल जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में आज पांच देशों की यात्रा पर रवाना हुआ। यह शिष्टमंडल इंडोनेशिया, मलेशिया, कोरिया गणराज्य, जापान और सिंगापुर का दौरा करेगा। दौरे पर रवाना होने से पहले श्री झा ने कहा कि आतंकवाद पाकिस्तान की नीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान किस तरह से आतंकवाद को प्रायोजित करता रहा है। इसकी जानकारी शिष्टमंडल इन देशों को बताएगा। बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का एक दूसरा समूह भी आज शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में रवाना होगा।

————————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय में आज भी वक्फ संशोधन अधिनियम दो हजार पच्चीस की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई जारी है। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ इस मामले में केंद्र सरकार का पक्ष सुनेगी। इधर, मामले की कल हुई सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि इस कानून पर रोक लगाने के लिए मजबूत मामला पेश करना होगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि संसद द्वारा पारित कानूनों में तब तक अदालतें हस्तक्षेप नहीं करतीं, जब तक कि उनमें स्पष्ट रूप से असंवैधानिकता साबित न हो जाए।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कल राजस्थान के बिकानेर में आयोजित एक कार्यक्रम में अठारह राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के पुर्नविकसित एक सौ तीन रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों पर यात्रियों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया गया है। नए वेटिंग रूम, प्लेटफॉर्म, टॉयलेट ब्लॉक, वाहनों की पार्किंग और स्टेशन में आवाजाही के लिए अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गयी हैं।

———————————————————————————

राज्य के अधिकांश भागों में प्री—मॉनसून बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज मधुबनी, सीतामढ़ी और दरभंगा जिलों में कुछ स्थानों पर आंधी, बारिश और वज्रपात का रेड अलर्ट जारी किया है। इधर, हमारे सीतामढ़ी संवाददाता ने बताया है कि जिले के विभिन्न भागों में मेघगर्जन के साथ मूसलाधार बारिश हो रही है। पटना और आस—पास के इलाकों में भी छिटपुट बारिश हो रही है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सहरसा, मधेपुरा, किशनगंज और पूर्णिया समेत राज्य के उत्तर—पूर्व भागों में विभिन्न स्थानों पर तेज बारिश हुई है। ढेंगरा घाट में सबसे अधिक छियालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न भागों में आंधी, बारिश और वज्रपात की आशंका बनी हुई है।

———————————————————————————

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की चौंतीसवीं पुण्यतिथि पर आज देश उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी नई दिल्ली स्थित राजीव गांधी के समाधि स्थल वीरभूमि में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इधर, पटना में कांग्रेस प्रदेश कार्यालय सदाकत आश्रम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जहां प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और अन्य नेताओं ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली प्रखंड अंतर्गत बगही पंचायत का भ्रमण किया। श्री खां ने इंजिनियर परवेज मोहम्मद से मुलाकात के दौरान कहा कि यहां के लोगों को मिल—जुलकर रहते देखना एक सुखद अहसास है।

———————————————————————————

नगर विकास और आवास मंत्री जीवेश मिश्र ने आज पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी में जानपुल चौक स्थित पोखर के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शहर के इक्कीस अन्य तालाबों का भी सौंदर्यीकरण और विकास किया जाएगा।

———————————————————————————

खगड़िया जिला में अठारह वर्ष तक के बेसहारा और अनाथ बच्चों का आधार कार्ड बनाए जाने का अभियान सत्ताईस जून से पांच अगस्त तक चलेगा। प्रभारी सचिव रितू कुमारी की अध्यक्षता में आज हुई जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

———————————————————————————

कला संस्कृति मंत्री सह शिवहर जिले के प्रभारी मंत्री मोती लाल प्रसाद ने कहा है कि नगर परिषद क्षेत्र में चार करोड़ से अधिक की लागत से तीन प्रमुख सड़कों का निर्माण कराया जाएगा।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।